इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने लगाई स्टॉल,साढ़े छह लाख रुपए से अधिक के उत्पादों की बिक्री

जयपुर,28 नवम्बर।नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर तक इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर आयोजित किया गया। मेले के राजस्थान पेवेलियन का उद्घाटन एमएसएमई विभाग,राजस्थान की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती वीनू गुप्ता ने किया ।उन्होंने इस अवसर पर राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन भी किया ।

बोर्ड की सचिव डॉ.ज्योति चौहान ने बताया कि मेले में 6 लाख 55 हजार रुपए के खादी उत्पादों की बिक्री हुई जो गत वर्षों की तुलना में अधिक रही । उन्होंने बताया कि देशी विदेशी पर्यटकों सहित मेले में आने वाले आगंतुकों ने राजस्थान के खादी उत्पादों की सराहना की। डॉ.चौहान ने बताया कि बोर्ड द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी जयपुर के एमआई रोड स्थित रामलीला मैदान में 25 दिसंबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक राष्ट्रीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य द्वारा उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

....